# 15 अगस्त 2020 कार्यक्रम की रिपोर्ट

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ द्वारा आज 15 अगस्त 2020 को 74 वें स्वतंत्रता दिवस को कोविड-19 के दृष्टिगत शासकीय निर्देशों के अनुपालन में मनाया गया महाविद्यालय के सभी सदस्यों की थर्मल स्कैनिंग की गई तथा सामाजिक दूरी का पूर्णता पालन किया गया प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभी प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी गणों ने राष्ट्रगान झंडा गान एवं वंदे मातरम को गाते हुए जय उद्घोष किया डॉ रश्मि विश्नोई ने शिक्षा निदेशक प्रोफ़ेसर वंदना शर्मा का संदेश सबको पढ़कर सुनाया। प्राचार्य महोदया द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात 9:30 बजे महाविद्यालय की छात्राओं को ऑनलाइन जूम एप पर जोड़कर कार्यक्रम का सफल संचालन समारोहिका डॉ रश्मि विश्नोई ने किया डॉ शरद कुमार वैश्य ने छात्राओं को अपनी क्षमताओं के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने एवं रोजगार दाता बनने की प्रेरणा दी उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी की बात रख को रखते हुए जड़ों से जुड़ने एवं चुनौतियों को अवसर में बदलने एवं मानवीय संसाधनों को विकसित करने की बात कही डॉ रश्मि विश्नोई ने महामारी जैसे असामान्य परिस्थितियों में छात्राओं को यूजीसी के दिशा निर्देश में बदले हुए परीक्षा प्रणाली से सबको अवगत कराया एवं छात्राओं को परीक्षा की शुचिता एवं गरिमा बनाए रखते हुए अच्छे नागरिक एवं चरित्रवान विद्यार्थी बनने की प्रेरणा दी साथ ही उन्होंने महाविद्यालय की वेबसाइट का उपयोग कर परीक्षा की तैयारी करने के लिए निर्देशित किया डॉक्टर पूनम वर्मा ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के हित में उत्तर प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वेबसाइट का उल्लेख करते हुए छात्रवृत्ति फॉर्म फार्म की प्रक्रिया के सभी चरणों से छात्राओं को अवगत कराया तथा फॉर्म के आवेदन करने में संलग्न प्रतियों सक्रिय मोबाइल नंबर एवं संस्था के वेरिफिकेशन जैसी सूक्ष्म बातों से छात्राओं को सावधान किया एनसीसी कैडेट छात्रा संध्या शर्मा ने दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया डॉक्टर जयप्रकाश वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जिसमें अहिल्याबाई निशुल्क शिक्षा योजना बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना उच्च शिक्षा गरीबों के लिए कौशल सतरंग योजना 2020 ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के लिए दो लाख रोजगार युवा उद्यमिता रोजगार अभियान 2020-21 प्रत्येक जिले में संचालित हुनर हाट योजना छोटे-छोटे स्थानीय स्तर पर कलाकारों को बाजार उपलब्ध कराने हेतु ऑडियो पी स्कीम लोकल स्तर के उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन इत्यादि डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के उद्देश्य से सब को परिचित कराते हुए कहा कि यह पत्रिका छात्राओं के कौशल विकास व्यक्तित्व विकास आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु हेतु सुनहरा अवसर होता है जिसमें छात्रों की पूर्व वर्ष में की गई

गतिविधियों एवं उनके द्वारा लिखित कविता कहानी लेख इत्यादि को प्रकाशित किया जाता है यह लेख हिंदी अंग्रेजी या संस्कृत  में हो सकते हैं जिसमें छात्राएं निजी अनुभवों उपलब्धियों इत्यादि को मूल रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं डॉक्टर भास्कर शर्मा ने सुमंगला योजना के बारे में छात्राओं को बताया कि यह योजना 7 मार्च 2019 को लैंगिक भेदभाव दूर करने कन्या भ्रूण हत्या निषेध एवं कन्याओं के अच्छे स्वास्थ्य हेतु आरंभ की गई जिसमें ऐसे परिवार शामिल हैं जिनकी वार्षिक आय  300000 है इसमें उत्तर प्रदेश के निवासी तथा दो बच्चों वाले परिवार के व्यक्ति को बेटी के जन्म पर ₹2000, 1 वर्ष की होने पर 1000 कक्षा प्रथम में आने पर 2000 कक्षा 6 में 2000 कक्षा 9 में 3000 एवं B.A. प्रथम वर्ष में ₹5000 की धनराशि  मां के खाते में सरकार द्वारा दी जाती है उन्होंने कोरोना पर समसामयिक कविता सुनाते हुए देश भक्त क्रांतिकारियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को कविता के माध्यम से याद किया एनसीसी कैडेट छात्रा मुस्कान राव ने वीडियो क्लिप के माध्यम से मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी एनसीसी प्रभारी श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने बताया कि लॉकडाउन के चारों चरणों में एनसीसी कैडेट द्वारा मास्क  बनाकर एवं समाज में जागरूकता अभियान के द्वारा निरंतर सक्रिय योगदान दिया गया अनलॉक 123 के कार्यों को भी उन्होंने उल्लेख किया उन्होंने बताया कि 15 अगस्त से 15 सितंबर तक फिट इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत एनसीसी के द्वारा योग दौड़ इत्यादि के माध्यम से निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने में निज कर्तव्य बोध  के प्रति सजग होने का सबको एक कविता के माध्यम से संदेश दिया कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी के ओजस्वी उद्बोधन द्वारा हुआ जिसमें उन्होंने 74 वें स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए क्रांतिकारियों के त्याग एवं बलिदान को याद किया साथ ही राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कविता   सुनाई निडर ध्वजा हरी सफेद केसरी अजर अमर ध्वज को नमन करते हुए उन्होंने छात्राओं को  प्रेरणा दी कि अनुशासित होकर पूरे ऊर्जा और उमंग के साथ कर्म पर डटे रहकर सभी बाधाओं को पारकर लक्ष्य  को प्राप्त  करें एवं इस देश की गौरवशाली परंपरा में अपना योगदान सुनिश्चित करें उन्होंने उमाकांत मालवीय जी की कुछ पंक्तियां जन्म से मिली जिसको कठिन अग्नि दीक्षा उसको क्या है संकट चुनौती परीक्षा सोना तो सोना है कि नहीं होगा सूर्य कभी कौड़ी का दिन नहीं होगा को  सुना कर  छात्राओं में ऊर्जा उमंग एवं स्फूर्ति का संचार किया एवं कोविड-19 महामारी से निराश ना होकर संघर्ष करते हुए अपने अध्ययन संबंधी कार्य को सुचारू रूप से करते हुए आगे बढ़ने की  प्रेरणा दी कार्यक्रम के अंत में डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक समिति की ओर से  आदरणीय प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक  गण एवं एनसीसी कैडेट तथा मंच से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जुड़े सभी प्रतिभागियों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया